तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **पाबुराम** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार बिलाड़ा)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353984527372119	न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17/06/25	अपीलार्थी पाबुराम निवासी ग्राम हरियाढाणा, बिलाड़ा, जोधपुर 342601 ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 08.06.2025 को अपीलार्थी ने प्रत्यर्थी से पूर्व में भू राजस्व नियमों के तहत प्रतिलिपि का आवेदन प्रस्तुत कर सूचना चाहने पर, प्रत्यर्थी ने आवेदन जमा कर लिया, न रिसिप्ट दी, न सूचना, चाही गई सूचना अपीलार्थी के स्वयं के म्यूटेशन व सीमांकन रिपोर्ट से संबंधित सूचना एवं प्रमाणित छाया प्रति उपलब्ध करवाने व अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाडा) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार बिलाडा) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरंटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार बिलाडा) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाडा) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.06.17 14:30:49 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15966080